# पेयजल समस्या का समाधान नहीं होने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी

## पानी नहीं आने पर प्रशासन के खिलाफ बिहाजर ग्राम के ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



ग्रामीण महिलाओं ने विरोध जताकर समस्या के समाधान की मांग की।


- विरोध प्रदर्शन कर ''पानी नहीं तो वोट नहीं'' के नारे लगाकर विरोध जताया
- नियमित सप्लाई नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल संकट बरकरार

**पावटा, (निसं)।** पेयजल समस्या को लेकर प्रशासन के खिलाफ आखिर ग्रामीणों का गुस्सा फूट ही पड़ा। बिहाजर ग्राम में ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। विराटनगर पंचायत समिति क्षेत्र के तालवा-बिहाजर पंचायत के बिहाजर ग्राम में कई दिनों से पानी नहीं आने से ग्रामीणों ने सार्वजनिक पानी की टंकी के पास खड़े होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पानी नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए।

प्रदर्शन कर रही ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि नियमित पानी की सप्लाई नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेयजल समस्या को लेकर सरपंच से उपखंड अधिकारी तक ग्रामीणों ने समस्या के बारे में अवगत करवाया इसके बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं निकला। पूर्व में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पेयजल संकट उत्पन्न हो गया था। लेकिन ट्रांसफार्मर बदलने के बाद भी समस्या जस की तस है। ग्रामीणों ने बताया कि पांच फीट गहरा गड्ढा खोदकर उन्हें पानी निकालना पड़ता है इसके बावजूद पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पेयजल आपूर्ति के लिए उन्हें एक किलोमीटर दूर जाकर निजी बोर वालों का सहारा लेना पड़ता है। जिससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द पेयजल समस्या का समाधान नहीं हुआ तो चुनावों का बहिष्कार करेंगे।

# कोठारी नदी में दो नर कंकाल मिलने से क्षेत्र में हड़कंप

## बजरी माफिया द्वारा नदी खोदने के दौरान मिले दो कंकाल



पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की।

- दोनों कंकाल के अवशेषों को बरामद कर जांच के लिए भिजवाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के बनका खेड़ा ग्राम पंचायत क्षेत्र की कोठारी नदी में दो नर कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कोठारी नदी में बजरी की खुदाई करते समय यह नर कंकाल मिले है, जिसके बाद पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनों कंकाल के अवशेषों को बरामद कर जांच के लिए भिजवाया है।

बनका खेड़ा के सरपंच प्रतिनिधि चन्द्र प्रकाश गाडरी ने इस समंध में पुलिस को रिपोर्ट दी, जानकारी के मुताबिक आज चावण्डिया व सोमसियास गांव के बीच से गुजर रही कोठारी नदी में कुछ बजरी के धंधेबाज चोरी छिपे अवैध बजरी दोहन करने के लिए खुदाई कर रहे थे। इसी दौरान दो खोपड़ी व कुछ हड्डियां निकली, जिसे देखकर माफियाओं के हाथपांव फूल गए उन्होंने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए, जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई, सूचना के बाद पहले कोटडी पुलिस मौके पर पहुंची, कोटड़ी सीओ श्याम सुंदर बिश्नोई व थाना प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुर्जर ने मौके पर पहुच जानकारी ली तो सामने आया कि जहां कंकाल के अवशेष मिले वह बडलियास थाना सर्किल की जगह है।

उसके बाद बडलियास थाना प्रभारी शिवचरण व मांडलगढ़ सीओ सुनील कुमार मौके पर आए, उन्होंने दोनों नर कंकाल के अवशेषों को बरामद कर जांच के लिए भिजवाया है। दोनों नर कंकाल के अवशेष किसके हैं यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है, पुलिस लापता लोगों की जानकारी भी खंगाल रही है, साथ ही हर एंगल से जांच में जुटी हुई है।

## आग से चारा जलकर खाक

**भुसावर, (निसं)।** उपखण्ड भुसावर के गांव सैंधली में एक जने के पशुचारे में अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गयी। जिसकी जानकारी मिलते ही भुसावर नगरपालिका की दमकल मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

दमकलकर्मी नवल हरसाना ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव सैंधली निवासी यादराम पुत्र प्रभूदयाल शर्मा के 80 मन पशुचारे में अज्ञात कारणों के चलते आग लग जाने की सूचना भुसावर थाना पुलिस से प्राप्त हुई। जिस पर तुरन्त दमकलकर्मी दशरथ गुर्जर, लोकेश सैनी दमकल लेकर मौके पर पहुँचे और ग्रामीणों की मदद से आग पर घंटों की मशक्कत के बाद काबू पाया। आग से पीडित का 80 मन पशुचारा जलकर पूरी तरह खाक हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही ग्रामीणों आग बुझाने के लिए पानी से भरे बर्तन लेकर पहुँचे लेकिन आग ज्यादा होने के चलते दमकल बुलाकर आग पर काबू पाया गया।

# सूने मकान व दुकान को चोरों ने निशाना बनाया

- मकान से नकदी सहित जेवरात पर हाथ साफ
- दुकान से नकदी व सामान चुरा ले गए

**अजमेर, (कासं)।** शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक बार फिर सूने मकान पर धावा बोलकर चोरी की वारदात अंजाम देकर चोर सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। पीड़ित मकान मालिक अपने ससुराल जयपुर में ससुर के दाह संस्कार में शामिल होने के लिए गया था, जब लौटे तो मकान के ताले टूटे हुए मिले। सिविल लाइन थाना लोहाखान क्षेत्र में किराने की दुकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया। चोर शटर के ताले तोड़कर घुसे और दुकान के गल्ले में रखी नकदी सहित सामान चुराकर फरार हो गए। दुकान में चोरी का पता सुबह चला जब दुकान मालिक दुकान पहुंचा। दोनों पीडितों ने संबंधित थानों में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सूने मकान से नकदी व जेवरात चुराए :-** क्रिश्चयनगंज थाना क्षेत्र के लुणिया कॉलोनी मित्र नगर रातीडांग निवासी एडवोकेट अश्वनी स्वरूप भटनागर पुत्र भरत स्वरूप भटनागर ने बताया कि अपने परिवार के साथ जयपुर में ससुर के दाह संस्कार में शामिल होने के लिए गए थे, जब वापस लौटे तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, अंदर जाकर देखा तो आलमारी व उसके लॉकर टूटे हुए थे। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोर पत्नी के सोने के आभूषण जिसमें गले की चेन, पैंडिल सहित दो सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र सोने का, कान के कुंडल, नाक की बालिया और चांदी की दो अंगुठियां चार चांदी के सिक्के सहित करीब 28 से 30 हजार रुपए नकदी चुरा ले गए। क्रिश्चयनगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**किराणा दुकान के ताले तोड़ नकदी व सामान चुराया:-** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के लोहाखान स्थित दुकान के मालिक आबिद ने बताया कि शनिवार देररात को वह दुकान के ताले लगाकर घर चला गया, रविवार सुबह जब दुकान खोलने के लिए आया तो दुकान के शटर के ताले टूटे हुए थे। शटर को खोला और दुकान में गए तो गल्ले में रखी तीस से पैतीस हजार की नकदी गायब थी। दुकान के अन्दर से कुछ सामान भी चुरा कर ले गए, जिसकी कीमत करीब दस से पन्द्रह हजार रुपए है। पीडित दुकान मालिक ने सिविल लाइन थाने में दुकान में चोरी की शिकायत दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## परिवार को बहिष्कृत करने की दी धमकी

**जोधपुर, (कासं)।** पुलिस कमिश्नरेट के लूणी थाने में जातीय पंचों पर प्रताड़ित करने, समाज से बहिष्कृत करने की धमकी देने, सामाजिक दंड लगाने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज हुआ है।

थाने में दी रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी सिंगारी गांव के रहने वाले पारसराम पटेल के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही उसके पति और परिवार वालों ने कम दहेज लाने को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इसके चलते वह अपने पीहर में रह रही है। उसके पति के साथ पारिवारिक विवाद का मामला कोर्ट में चल रहा है। 14 अगस्त को उसके लूणी स्थित घर पर देवाराम, जगाराम, केवलराम, मूलाराम सोलंकी, ओमाराम, गोपाराम, भगाराम सहित दो तीन अन्य लोग आए। उन्होंने उसके पति से तलाकनामा लिखने और मामला निपटाने को लेकर दबाव बनाया। धमकाया कि हम समाज के पंच हैं और लिखा-पढ़ी करके तलाक दे दो, नहीं तो परिवार को समाज से बाहर कर देंगे। हुक्का-पानी भी बंद कर देंगे और सामाजिक अर्थ दंड भी भरना पड़ेगा।

# स्कूल बस में बच्ची से छेड़छाड़, कंडक्टर गिरफ्तार

- आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया, मामले की जांच जारी

**बीकानेर, (कासं)।** प्राइवेट स्कूल बस का कंडक्टर साढ़े तीन साल की मासूम से छेड़छाड़ करता रहा। कंडक्टर ने बच्ची को धमकाया भी। कहा कि किसी को बताया तो तुम्हारे पापा-मम्मी को भूत खा जाएगा। इस वजह से बच्ची उसकी हैवानियत सहती रही। अपनी मां को कंडक्टर की पूरी करतूत बताई। आरोपी पुरुष कंडक्टर की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस मामले में ड्राइवर, एक अन्य महिला कंडक्टर और एक टीचर को भी आरोपी बनाया गया है। मामला बीकानेर का है। सीओ सदर शालिनी बजाज ने बताया कि मदनलाल को रविवार को न्यायालय में पेश किया गया। उसे जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच अभी जारी है। घटना जिस बस में हुई, उसे अभी सीज नहीं किया गया है। बस ड्राइवर और महिला कंडक्टर की भी भूमिका की जांच की जा रही है।

## बजरी भरे चार वाहन सहित दो गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए वृताधिकारी रवि शर्मा एवं बरोनी थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बरोनी क्षेत्र के चिरोज तिराहा से एक डम्पर मय बजरी एवं थाना क्षेत्र स एक डम्पर मय बजरी तथा दो ट्रैक्टर मय ट्रॉली बजरी से भरे जप्त किये।

इस कार्यवाही में चालक रामनिवास गुर्जर उम्र 30 साल निवासी सुरंग जिला सवाईमाधोपुर, शिवजी लाल पुत्र गोपाल यादव उम्र 40 साल निवासी गोपालपुरा थाना निवाई को गिरफ्तार किया है तथा जप्त किये गये वाहनों के चालकों व डम्परों के मालिकों की तलाश जारी है।

# चाकसू विधानसभा सीट से भाजपा में गुटबाजी हावी

## अंतरकलह और गुटबाजी को रोकने के लिए यहां से भाजपा नए चेहरे को मौका दे सकती है

- विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को सीट बचाने की तो भाजपा को पुनः सीट जीतने की चुनौती
- चाकसू विधानसभा में दोनों ही पार्टियों में जिताऊ उम्मीदवारों को लेकर कशमकश चल रही है

**चाकसू, (निसं)।** 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत का प्रमुख कारण भाजपा की अंदरूनी कलह और गुटबाजी रहा है जो कि अभी भी कायम है। इसके अलावा दूसरा कारण कांग्रेस समर्थक कोई बागी प्रत्याशी नहीं होना और पायलट लहर रही।

चाकसू विधानसभा सीट भाजपा का गढ़ माना जाता है। चाकसू विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को सीट बचाने की तो भाजपा को पुन: सीट जीतने की चुनौती है। चाकसू विधानसभा में दोनों ही पार्टियों में जिताऊ उम्मीदवारों को लेकर भारी कशमकश चल रही है। दोनों पार्टियों में ही टिकट की दावेदारी को लेकर वर्तमान और पूर्व विधायकों समेत मुख्य रूप से एक दर्जन से ज्यादा लोग सक्रिय हैं। भाजपा को अगर यहां से यह सीट निकालनी है तो स्थानीय स्तर पर हो रही गुटबाजी को रोकना होगा और अंतरकलह और गुटबाजी को रोकने के लिए यहां से भाजपा नए चेहरे को मौका दे सकती है। वहीं महिला आरक्षण को देखते हुए महिला चेहरे को भी मौका दिए जाने की प्रबल संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

गत 2018 विधानसभा चुनाव में भाजपा ने रामअवतार बैरवा और कांग्रेस ने वेदप्रकाश सोलंकी को चुनावी मैदान में उतारा था। इस सीट पर कांग्रेस के वेदप्रकाश सोलंकी ने जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा को 3431 मामूली वोटों के अंतर से हराया कांग्रेस को 70007 और भाजपा को 66576 वोट मिले। चाकसू एससी आरक्षित दौसा लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा सीट है, जहां 21.24 एससी और 16.31 फीसदी एसटी वर्ग के लोग रहते हैं।

चाकसू विधानसभा चुनावों को लेकर निर्वाचन विभाग की तरफ से जारी की गई अंतिम मतदाता सूची के अनुसार इस बार 2023 में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में चाकसू विधानसभा में कुल 2 लाख 30 हजार 256 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

## युवक ने आत्महत्या की

**सुजानगढ़, (निसं)।** नूर नगर स्थित अपने घर में एक युवक ने फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहूंची पुलिस ने टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार व अन्य के सहयोग से शव को राजकीय बगडिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

मृतक के पिता युनूस खान ने रिपोर्ट में बताया है कि रोज की तरह उसका 20 वर्षीय बेटा परवेज देर रात को अपने कमरे में सोया था। सुबह काफी देर तक नहीं उठा, तो चैक करने पर वह फंदे पर झूलता मिला। अस्पताल में डीएसपी शकील अहमद, सीआई मुकुट बिहारी मीणा, पार्षद एडवोकेट सलीम खान गाजी सहित अनेक लोग अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने पिता की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंपा।

# हवाई सेवा में कमी के लिए मैनेजर तथा अधिकृत एजेंट को जिम्मेदार माना

- जिला उपभोक्ता आयोग ने उपभोक्ता को राहत दी, एक लाख से ज्यादा हर्जाना देने का आदेश

**बीकानेर, (कासं)।** जिला उपभोक्ता आयोग ने एयर इंडिया लिमिटेड के मैनेजर तथा उसके अधिकृत एजेंट को हवाई सेवा में कमी के लिए जिम्मेदार मानते हुए यात्री को 1 लाख 2 हजार 746 रुपए 68 पैसे का भुगतान करने के आदेश दिए है। एक माह में भुगतान नहीं करने पर यात्री को फैसले की तिथि से अदायगी तक 9 फीसदी ब्याज का भुगतान भी करना होगा।

बीकानेर की सुधा शर्मा ने एयर इंडिया के अधिकृत एजेंट राजीव भार्गव (जयपुर) के मार्फत एयर इंडिया की फ्लाइट में अमेरिका के सेन फ्रांसिस्को से नई दिल्ली की टिकट बिजनेस क्लास में बुक कराई। उन्हें 17 फरवरी 2023 को सेन फ्रांसिस्को से फ्लाइट संख्या ए 1-184 में सीट नंबर 9 एफ आवंटित हुई। इस सीट की हालत खराब थी, जिससे अमेरिका से 15 घंटे की यात्रा बहुत ही कष्टदाई रही। यात्री ने विमान में मौजूद स्टाफ को बताया भी, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सुधा शर्मा ने इसकी शिकायत कर मैनेजर एयर इंडिया और अधिकृत एजेंट को बिजनेस क्लास की जगह थर्ड क्लास की राशि काटने का नोटिस देते हुए शेष राशि लौटाने का आग्रह किया। परन्तु मैनेजर और अधिकृत एजेंट दोनों ने कोई जवाब नहीं दिया।

इस पर यात्री ने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर कर बिजनेस क्लास की राशि 94,588.31 रुपए, शारीरिक एवं मानसिक संताप के 10 लाख रुपए तथा परिवाद खर्च के 1 लाख रुपए समेत कुल 11 लाख 94 हजार 588 रुपए 31 पैसे दिलाने की मांग की। आयोग ने यात्री से वसूले किराया में से थर्ड क्लास का किराया काटकर शेष अधिक वसूले 67 हजार 746 रुपए 68 पैसे और सेवा दोष से असुविधा, शारीरिक तथा मानसिक पीड़ा की क्षतिपूर्ति के लिए 30 हजार रुपए तथा परिवाद खर्च के 5 हजार रुपए देने के आदेश दिए।

# लाखों की शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार



आरपीएफ ने ट्रेन से शराब तस्करों को गिरफ्तार किया।

**कोटा, (निसं)।** मिशन सतर्क के तहत रेल सुरक्षा बल के जवान मुस्तैदी से कार्य कर अनैतिक गतिविधियों के विरूद्ध नियमित कार्यवाई कर रहे है जो कि सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से सराहनीय है। इसी क्रम में विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र निर्देशों के अनुपालन में रेल सुरक्षा बल की अपराध शाखा कोटा टीम के निरीक्षक वीरेंद्र सिंह के निर्देशानुसार उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक राजकुमार चंदेल, सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह, प्रधान आरक्षक रणवीर सिंह, प्रधान आरक्षक संदीप सिसोदिया, आरक्षक ओम प्रकाश दुवेश, आरक्षक शीशराम गुर्जर एवं आरक्षक विकास कुमार द्वारा हजरत निजामुद्दीन-एकता नगर गुजरात संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में मथुरा से कोटा के मध्य चेकिंग के दौरान उक्त गाड़ी में दो व्यक्तियों को संदिग्ध हालत में कोच सं. एस/6 के शौचालय की छत की प्लाई को खोलते हुए पाया। संदेह होने पर उक्त व्यक्तियों को रोका गया और दोनों व्यक्तियों के कंधे पर टंगे वजनी काले रंग के पिठ्ठु बैगों में शराब की बोतलें मिली। उक्त व्यक्तियों के बैग में मिली शराब की बोतलों के बारे में पूछने पर कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये।

पूछने पर उन्होंने अपने नाम वेदप्रकाश पुत्र कमल सिंह निवासी हाथरस (उ.प्र.) व राजेश कुमार पुत्र किशनपाल सिंह निवासी एटा (उ.प्र.) बताये। उनके द्वारा शराब को अवैध रूप से ले जाने के काम में उनके साथ शामिल 02 अन्य व्यक्तियों के उक्त गाड़ी के कोच क्रमांक एस/7 में उपस्थित होना बताया। पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्तियों द्वारा अपने नाम विजेन्द्र पुत्र ओरेन्द्र निवासी जालौन (उ.प्र.) व नीरज पुत्र सुबोध कुमार निवासी हाथरस (उ.प्र.) बताया। उपरोक्त चारों व्यक्तियों से गहनता से पूछताछ के दौरान उनके कब्जे से शराब की 103 बोतलें जिनकी कुल अनुमानित बाजार कीमत 2.56 लाख रूपये बरामद की गईं। गाड़ी के कोटा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर उक्त चारों व्यक्ति जब्त 103 शराब की बोतलों सहित अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु जीआरपी कोटा को सुपुर्द किया गया।

## राजगढ़ भैरव धाम पर उमड़े श्रद्धालु

**अजमेर, (कासं)।** शारदीय नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ पर रविवार को राजस्थान स्थित भैरव धाम पर मुख्य उपासक चंपालाल महाराज ने घट स्थाना की। राजगढ़ मसाणिया भैरव धाम पर रविवार को प्रात:काल मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज ने अपने परिवार के साथ चक्की वाले बाबा मुख्य मंदिर व माँ काली व बाबा भैरवनाथ की पूजा अर्चना कर सभी देवी देवताओं की साक्षी में पूरे विधि विधान से अखण्ड ज्योति प्रज्जवलित कर घट स्थापना की। अखण्ड ज्योति एकम् से प्रारम्भ होकर नवमीं तक चलेगी जिसका समापन दशमी को होगा।

धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि 20 अक्टूबर को बाबा भैरव का विशाल छठ मेला पूरे धूमधाम से भरेगा। नवरात्रा के प्रथम दिन रविवार होने के कारण राजगढ़ धाम पर घटस्थापना के अवसर पर श्रद्धालुओ का सैलाब उमड पड़ा। घटस्थापना के समय व्यवस्थापक ओमप्रकाश सैन, रमेश सेन, अविनाश सैन, राहुल सैन, मुकेश सेन, मिलन, भव्य, बुलबुल, मिताली, वंशिका, ताराचन्द, कमल शर्मा, यश मारोठी, टीएस राणावत, कमल सुनारीवाल, संजय चौहान, पदमचन्द जैन, सुरेश गुर्जर, मनोज मेहरा, अमिताभ, पंकज सेन, राजकुमार चावडा, दीपक बसीटा, विजय सिंह, भूपेन्द्र बंजारा, मनीष चौहान आदि मौजूद रहे।

# मिठाई कारखाने में आग लगने से एक की मौत, एक घायल

## कारखाने के कोल्ड स्टोरेज के बॉयलर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गयी थी



मिठाई के कारखाने में लगी भीषण आग पर दमकल की सहायता से काबू पाया गया।

**चूरू, (कासं)।** शहर के राम मंदिर के पास स्थित एक मिठाई के कारखाने में रविवार दोपहर को भीषण आग लग गयी। हादसे में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक युवक गम्भीर रूप से झुलस गया। आग की भीषणता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आग के धुंए का गुबार कई किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रहा था। सूचना मिलने पर नगरपरिषद् की दमकल मौके पर पहुंची, जिसकी सहायता से आग पर काबू पाया गया। हादसे की सूचना मिलने पर डीएसपी जयप्रकाश अटल व कोतवाली थानाधिकारी अरविन्द कुमार भारद्वाज मौके पर पहुंचे।

कारखाने के संचालक सतीश कुमार शर्मा ने बताया कि रविवार को कारखाने के कोल्ड स्टोरेज के बॉयलर में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गयी। यहां कारखाने में काम करने वाले एक युवक की जलने से मौत हो गयी। वहीं कारखाने में काम करने वाला दूसरा युवक गंभीर रूप से झुलस गया। सूचना के 40 मिनट बाद 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। जिससे लोग आक्रोशित भी हुये। लोगों ने बताया कि बार-बार फोन करने के बाद भी एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची। एंबुलेंस की सहायता से मृतक के शव को राजकीय डीबी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक की शिनाख्त श्रीडूंगरगढ़ के गांव बापेउ निवासी 23 वर्षीय मुकेश सारण के रूप में हुई है। वहीं घायल रामसीसर भेड़वालिया निवासी 20 वर्षीय गोपीचंद नाई है। घायल का अस्पताल में ईलाज चल रहा है। आग की सूचना मिलने के बाद कारखाने के पास लोगों की भीड़ एकत्रित हो गयी।